दिनांक 30 मई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम मुख्यालय में कैंटीन खुलने से कर्मचारियों सहित कार्यालय आने वाले नागरिकों को मिलेगी सुविधा, भोजन भी है उपलब्ध

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में महिला स्व सहायता समूह द्वारा भोजन के लिए कैंटीन की व्यवस्था की गई है इसका नाम बालाजी कैंटीन रखा गया है! जहां पर निर्धारित दर में नाश्ता सहित भोजन की व्यवस्था मौजूद होगी! पूर्व वाहन शाखा के बगल वाले कक्ष में कैंटीन खोला गया है!

निगम मुख्यालय में आने वाले लोगों को मिलेगी सुविधा नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में आने वाले लोगों को कैंटीन की सुविधा मिलेगी, कई लोगों का निगम मुख्य कार्यालय में आना जाना लगा रहता है , विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिकों को नाश्ता सहित भोजन की व्यवस्था इस कैंटीन में मिल पाएगी! लंबे अरसे के इंतजार के बाद आखिर कैंटीन की शुरुआत हो चुकी है! निगम के कर्मचारी भी नाश्ता एवं भोजन यहां पर कर सकते हैं!

एसैया महिला स्व सहायता समूह को मिला काम निगम मुख्यालय में कैंटीन का काम एसैया महिला स्व सहायता समूह को मिला है, महिलाओं को काम मिलने से इनकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी और रोजगार प्राप्त होंगे! कैंटीन का संचालन टी जानकी एवं टी राजेश्वरी कर रही है! महापौर परिषद ने दी थी स्वीकृति कर्मचारियों एवं लोगों की सुविधाओं को देखते हुए महापौर परिषद की बैठक दिनांक 21 जनवरी 2020 को निगम मुख्य कार्यालय में कैंटीन खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई थी! नाश्ता सहित भोजन की सुविधा उपलब्ध, 80 रुपए में मिलेगी स्पेशल थाली कैंटीन में समोसा, आलू गुंडा, प्याज बड़ा, चाय, कटलेट, इटली, डोसा, पोहा, पूड़ी, काफी और भोजन के लिए सामान्य थाली एवं स्पेशल थाली की व्यवस्था की गई है! स्पेशल थाली में जीरा राइस, रोटी, सब्जी, पापड़, सलाद, अचार एवं मीठा परोसा जाएगा! नाश्ता की दरों की सूची कैंटीन के बाहर चस्पा कर दी गई है! भोजन के लिए 1 घंटे पूर्व आर्डर देना होगा जिसके लिए मोबाइल नंबर भी चस्पा किया गया है! सोशल डिस्टेंस मेंटेन कराने पुख्ता इंतजाम कैंटीन संचालक के द्वारा बताया गया कि सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के तहत बहुत कम टेबल रखे गए हैं और कुर्सियों की संख्या भी बहुत कम है, सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, कैंटीन में आने वाले लोगों के लिए सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है! मास्क पहनकर आने वाले को ही प्रवेश दिया जा रहा है एवं एक टेबल में एक ही व्यक्ति को बैठने कहा जा रहा है ! कैंटीन में महिलाओं ने जुटाई विभिन्न संसाधन भीषण गर्मी से बचने के लिए कूलर एवं पंखा की व्यवस्था की गई है, पेय पदार्थ जैसे पानी, मट्ठा को शीतल रखने के लिए फ्रिज लगाया गया है! इसके अतिरिक्त नाश्ता एवं भोजन बनाने के लिए तमाम ऐसी व्यवस्था जो आवश्यक है महिलाओं के द्वारा की गई है! सुरक्षा व्यवस्था के तहत नाश्ता एवं भोजन बनाने वाले रसोइयों को एप्रोन , मास्क, हैंड ग्लव्स एवं सर को कवर करने के लिए सुरक्षा किट प्रदाय किए गए है!

कैंटीन खुलने से लोगों को मिलेगी राहत महापौर निगम के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि कई लोग निगम मुख्यालय में अपने कार्यों को लेकर आते हैं , जिन्हें कैंटीन में नाश्ता से लेकर भोजन की व्यवस्था उचित दर पर मिलेगी, कैंटीन खुलने से कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी! नाश्ता एवं भोजन के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा!